देवउठनी एकादशी पर देव उत्थापन में प्रभु के सम्मुख हुआ शालीगराम का पंचामृत

■ श्रीमथुराधीश मंदिर पर देव प्रबोधिनी एकादशी पर लगे ठाकुरजी के जयकारे

कोटा, (निसं)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्रीबड़े मथुराधीश मंदिर पर मंगलवार को देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार श्रृंगार, राग और भोग की सेवा की गई। इस दौरान मंदिर में श्रीठाकुरजी की निज तिबारी में आकर्षक मंडप सजाया गया। जहाँ संध्या आरती के समय झालर, घंटा, शंख नाद के बीच देव उत्थापन की विधि सम्पन्न हुई। रंगों की रंगोली बनाकर मंडप की रचना की गई।

जिस पर चारों आयुध शंख, चक्र, गदा और पद्म बनाए गए थे। स्वास्तिक के साथ पुष्प लताएं, तोरण आदि सजाए गए थे। उसके ऊपर गन्ने का मंडप तैयार कर बांस की टोकरी में विभिन्न भाजिया रखी गई। प्रभु के सम्मुख शालीगराम जी का पंचामृत भी हुआ। इस अवसर पर गादी तकिया और चरण चौकी पर बिछावट की गई। चरण चौकी के साथ पडघा, बंटा जड़ाऊ स्वर्ण के थे। शाम को भक्त प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। भक्तों ने मथुराधीश प्रभु के जयकारों से पूरे मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। प्रबोधिनी एकादशी पर प्रभु का देवोत्थान श्रृंगार किया गया। वस्त्र सेवा में सुनहरी जरी की मीनाकारी से सुसज्जित सूथन, घेरदार वागा, चोली, पटका तथा ठाड़े वस्त्र के धराए गए। प्रभु को छड़ान का हल्का श्रृंगार, कंठहार, बाजूबंद, पौन्ची, हस्त सांखला, मस्तक पर जरी का पाग, नवरतन की कलंगी, मोरपंख की सादी चंद्रिका, शीशफूल, मीना के वेणुजी धराए गए। देव उत्थापन के बाद मंगलवार को पूरी रात जागरण किया गया। बुधवार को तड़के 2 बजे मंगला आरती के दर्शन हुएं। मिलन बावा ने बताया कि बुधवार को प्रात: 5.30 बजे राजभोग के दर्शन होंगे। उत्थापन अपरान्ह 3 बजे, भोग आरती शामिल-4 बजे तथा शयन के दर्शन शाम 5.30 बजे से सेवानुकूल समय में होंगे। मिलन बावा ने बताया कि बुधवार द्वादशी को प्रथम गृह के आदि गृहाधीरश्वर श्रीगिरधरजी का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन श्रीठाकुरजी का भारी श्रृंगार किया जाएगा। वहीं बधाई गाई जाएगी। ठाकुरजी के सम्मुख गिरधरलालजी की कुंडली का वाचन किया जाएगा। इस दौरान दोनों दिन प्रभु के दर्शनों के समय में भी बदलाव किया गया है।

अहरियाणा जीत के कर्णधार रहे प्रभारी सतीश पूनियाँ आयेंगे कोटा

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा संगठन प्रभारी व राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियाँ एक दिवसीय निजि प्रवास पर बुधवार सांय 5 बजे जयपुर मुम्बई सुपरफास्ट ट्रेन से कोटा पंहुचेगे। भाजपा कोटा शहर जिला महामंत्री मुकेश विजय ने बताया कि हरियाणा की जीत के कर्णधार रहे पूनियाँ के कार्यों से राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता भी उत्साहित है। हरियाणा चुनाव परिणाम के बाद पहली बार कोटा आगमन पर कोटा रेल्वे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया जायेगा। वहां से पूनियाँ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के बेटी के विवाह में शामिल होकर नव वर-वधू को आशीर्वाद देंगे।

प्रदेश का पहला केस जिसमें दृष्टिबाधित का हुआ नेत्रदान

कोटा, (निसं)। तलवंडी निवासी उमा देवी के पुत्र दिव्यांग राजेश गौतम (46 वर्ष) (दृष्टि-बाधित) का मंगलवार को हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। वह जन्म से ही दृष्टिबाधित थे, परंतु कभी भी उन्होंने अपनी इस दिव्यांगता को अपने मन-मस्तिष्क पर हावी नहीं होने दिया। जो भी व्यक्ति उनसे मिलता था, वह उनका मुरीद हो जाता था। लोगों से खुलकर बात करना, हमेशा उनकी हर तरह से मदद करने के लिए तैयार रहना, प्रारंभ से ही उनके स्वभाव में था। नियमित रक्तदाता के साथ-साथ, नैत्रदान के लिये भी वह शाईन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र के तौर पर 10 वर्षो से कार्य कर रहे थे, उन्होंने वर्ष 2013 में, अपने 15 से अधिक दृष्टिबाधित मित्रों के साथ में नेत्रदान का संकल्प पत्र भी भरा हुआ था। हमेशा मुस्कुराकर अपनी बात कहने वाले राजेश एक अच्छे कवि, लेखक, गीतकार, तबला-हारमोनियम वादक, कहानीकार, अच्छे प्रशंसक, वक्ता और भी बहुत सारी विलक्षण प्रतिभाओं के धनी थे। आकाशवाणी में भी उनके कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये, शहर के बहुत सारे लोगों के लिए वह एक प्रेरणा स्त्रोत थे। ब्रेल लिपि के माध्यम से वह स्नातक तक पढ़े हुए थे। उन्होंने दृष्टि-बाधिता को कभी अभिशाप नहीं माना, साफ-सुथरे, प्रेस किये कपड़े पहनना, चमकते जूते, और दिये गए समय पर पहुंचना उन्हें असाधारण व्यक्तित्व बनाती थी। राजेश ने जन्म से ही दृष्टिहीनता का दुख भोगा था, इसलिये वह बहुत करीब से इस दर्द को जानते थे,जब उन्हें पता चला कि वह खुद दुनिया नहीं देख पा रहे हैं, परंतु उनकी आंखों से कोई और दुनिया देख सकता है तो उन्होंने स्वयं शाईन इंडिया के साथ नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा। उनका रेटिना खराब था, पर कॉर्निया सही था, इस कारण से उनका कॉर्निया दान हो सका। राजेश की लिखी हुई कविता थी, माना की दृष्टि-बाधित हूँ, पर देखता तो हूँ, चाहे बहुत थोड़ा ही सही पर, लोगों का तिमिर हरता तो हूँ।

वृद्धों की निस्वार्थ सेवा हमारी सांस्कृतिक परंपरा : शिवकांत नंदवाना

■ सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाईटी का दिवाली मिलन एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह

कोटा, (निसं)। सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाईटी कोटा का दिवाली मिलन एवं सम्मान समारोह मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक बाबूलाल बसवाल ने बताया कि समारोह के दौरान वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना थे। वहीं अध्यक्षता कोटा उत्तर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता शिवराज गुंजल, लेखा अधिकारी रामचरण बेरवा, समाजसेविका बृजेश खींची, दीपक नायक थे। वहीं एडीआर रवि विजय, जयासिंह, समाजसेवी मनोज जैन आदिनाथ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान संबोधित करते हुए शिवकांत नंदवाना ने कहा कि वृद्धों की निस्वार्थ सेवा हमारी सांस्कृतिक परंपरा रही है। हमारे पूर्वजों ने हमें सिखाया है कि माता-पिता का आदर करना चाहिऐं। ये सामाजिक मूल्य हमारी सभ्यता में निहित हैं। यदि इस संबंध में कोई भटकाव होता है, तो हमें इसे ठीक करना होगा। विडंबना है कि आर्थिक विकास, आधुनिकीकरण और हमारे युवाओं के रोजगार के लिए शहरी इलाकों में प्रवास से ऐसे हालत पैदा हो गए हैं कि बुजुर्ग अपेक्षित सम्मान, प्रेम और देखभाल से वंचित हो रहे हैं। हमारे बुजुर्ग लोगों को भी सेवा प्रकल्प करते हुए व्यस्तता और सक्रियता बनाए रखना चाहिऐं। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य छीतरलाल, रतनलाल, सुखदेव, दुर्गालाल, हनीफ, बाबू, रामप्रताप, ओमप्रकाश, मोहनलाल बेरवा मौजूद रहे।

'डीएपी खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी दूर हो'

कोटा, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अलग-अलग ज्ञापन भेजकर किसानों को रबी की फसलों की बुआई के लिऐं पर्याप्त मात्रा मे डीएपी खाद एवं यूरिया उपलब्ध कराए जाने व डीएपी खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी दूर करने की मांग की है। मनोज दुबे ने कहा की किसानो को डीएपी और यूरिया खाद के लिए भारी संघर्ष करना पड़ रहा है। किसानों को रबी की फसलों की बुआई के लिए डीएपी खाद व यूरिया की आवश्यकता है। लेकिन किसान डीएपी व यूरिया की किल्लत से परेशान है। रबी फसलों के लिए किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध नहीं होने से किसान दु:खी है। रबी की बुवाई के लिए डीएपी की मारामारी हो रही है। पुलिस पहरे मे खाद की लंबी लाईनों के बाद भी किसानों को डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा मे नहीं मिल रही हैं। किसान सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे है। खाद नही मिलने से किसानों मे भारी नाराजगी हैं। महिलाएं चूल्हा चौका छोड़ भूखी प्यासी कतारों मे लगने को मजबूर हैं तब भी पर्याप्त मात्र मे खाद नहीं मिल रही है। मनोज दुबे ने कहा की किसानों की जरुरत, मांग और वक्त की जानकारी के बाद भी सरकार जानबूझकर खाद की किल्लत पैदा कर रही है। डीएपी खाद व यूरिया की किल्लत होने से किसान बाज़ार में महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर है। सरकार की लापरवाही से किसानों को डीएपी खाद व यूरिया की भारी किल्लत हो रही है।जिसका लाभ उठाकर निजी व्यापारी मनमाने दाम वसूल रहे है। मनोज दुबे ने चेतावनी देते हुए कहा की डीएपी खाद की किल्लत व कालाबाजारी दूर नहीं हुई तो भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा संभागीय आयुक्त कार्यालय पर शीघ्र ही महापड़ाव डालेंगी।

अवधेश मिश्रा बने बीएमएस के प्रदेश उपाध्यक्ष

कोटा, (निसं)। बीएमएस के वरिष्ठ कर्मठ नेता अवधेश मिश्रा को भारतीय मज़दूर संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। थर्मल यूनियन (भारतीय मजदूर संघ) के अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप ने बताया कि राजस्थान विद्युत सेवा निवृत्त कर्मचारी संघ (भामसं) का प्रदेश अधिवेशन झुंझुनू में हजारी लाल गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें अवधेश मिश्रा को सर्व सम्मति से प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इन्होंने सदैव अपना जीवन मज़दूर हित में समर्पित किया हे और अपने संघ के लिये सदैव ईमानदारी से कर्तव्यनिष्ठ रहे हें इनकी नियुक्ति से कोटा जिले के सभी विद्युत विभाग के सेवानिवत्त कर्मचारियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर मिश्रा ने सभी विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा है कि 'मैं हमेशा पूरी निष्ठा से विद्युत कर्मचारियों की सेवा करता रहा हूं।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम सरफराज (SARFARAZ) से बदलकर नया नाम सरफराज हुसैन अन्सारी (SARFARAJ HUSSAIN ANSARI) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-सरफराज हुसैन अन्सारी पुत्र आरिफ हुसैन, 4-झ-8 विज्ञान नगर कोटा

आम सूचना

मैं मेरे पक्षकार मुश्ताक अहमद आत्मज श्री चांद मोहम्मद उम्र 66 वर्ष मो. न. 9887301325 आधार स. 802073195735 के निर्देशन पर निम्न आम सूचना प्रेषित करता हूं-

यह कि मेरे पक्षकार के पुत्र श्री गुफरान अहमद अन्सारी आत्मज श्री मुश्ताक अहमद उम्र 32 वर्ष निवासी 8 बी-46 विज्ञान नगर विस्तार योजना कोटा आधार स. 966916875910 का निकाह साहिमा तमकीन पुत्री श्री बुरहानउलहक निवासी प्रगति नगर कोटा के साथ दिनांक 4-3-2023 को हुआ था निकाह के पश्चात से ही पुत्र गुफरान अहमद अन्सारी एवम पत्नी साहिमा तमकीन मेरे कहने में नहीं है और आए दिन लड़ाई झगड़ा करती है जिससे मेरे पक्षकार का घर का वातावरण खराब हो रहा है। इससे दुखी होकर मेरे पक्षकार उसके स्वअर्जित मकान 08 बी-46 विज्ञान नगर विस्तार योजना कोटा एवम अन्य चल सम्पत्ति से बेदखल करता है।

कोटा

दिनांक : 11.11.2024

रामगोपाल चतुर्वेदी एडवोकेट

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)

E Mail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No-07452-222025

क्रमांक :-न0पा0छ0 / 2024 / 8804 दिनांक :- 08.11.2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य सरकार के परिपत्र की पालना में नगरपालिका छबड़ा क्षेत्र को ओडिएफ प्लस घोषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच या खुले में मूत्र करता पाया गया तो उसके खिलाफ दंडवत कार्यवाही की जाएगी एवं 200 रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा। कृपया सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का प्रयोग करें।

राज.संवाद / सी / 24 / 7648 **अधिशाषी अधिकारी**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-588 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-12.11.24

नगर विकास न्यास कोटा की रानपुर आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या ई-869 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 27.05.13 को श्री जितेन्द्र कुमार मेहता पुत्र श्री राजमल जैन को आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री अमित जैन पुत्र श्री राजमल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2021 को श्री ऐश्वर्य राज शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास ई-869 योजना रानपुर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री ऐश्वर्य राज शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/2024/245-46 दिनांक:-12.11.2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामस्वरुप पुत्र श्री अर्जुनलाल निवासी 11-बी-6 महावीर नगर प्रथम, केशवपुरा कोटा द्वारा नगर निगम कोटा उत्तर की लघु यंत्रालय उपविधि 2010 के अनुसार श्री रामस्वरुप पुत्र श्री अर्जुनलाल द्वारा प्लाट नं. 34 पंचशील नगर बारां रोड कोटा में मसाला-चक्की लगाने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त नगर निगम कोटा (उत्तर)

कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/2024/247-48 दिनांक:-12.11.2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश गांधी पुत्र श्री सतीश कुमार निवासी मकान नं. बी-34 मोती नगर विस्तार बोरखेड़ा कोटा द्वारा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार सेमजेक फुड इण्डस्ट्रीज प्राईवेट लि./गांधी नमकीन एण्ड वेफर्स प्लाट नं. 22, 23 व 24 अमृतधाम डीसीएम रोड रायपुरा कोटा की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त नगर निगम कोटा (उत्तर)

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4097 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 6.11.24

आवास संख्या 4-सी-38 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री पूनमचन्द शर्मा पुत्र श्री भंवर लाल शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री पूनमचन्द शर्मा पुत्र श्री भंवर लाल शर्मा द्वारा दिनांक 17.07.1990 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री पूनमचन्द शर्मा पुत्र श्री भंवर लाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 25.01.1996 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री निर्मला पत्नी स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा एवं श्री सन्दीप शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 14.06.2024 को श्री प्रवीण शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा एवं श्री धवल शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया। श्री प्रवीण शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा एवं श्री धवल शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-सी-38 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्री प्रवीण शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा एवं श्री धवल शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री प्रवीण शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा एवं श्री धवल शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री प्रवीण शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा एवं श्री धवल शर्मा पुत्र स्व. श्री पूनम चन्द शर्मा के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा